**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

**नगर निगम ग्रेटर द्वारा "स्वच्छता योद्धा" सम्मान कार्यक्रम आयोजित**

**राज्यपाल ने सफाई कर्मियों के साथ भोजन किया**

**स्वच्छ भारत के लिए मिलकर कार्य करें-राज्यपाल**

जयपुर, 12 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कार्य करने वाले अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं। शिक्षा से ही जीवन में विकास के अवसर मिलते हैं। उन्होंने स्वच्छता कार्मिकों के साथ बैठकर उनसे संवाद किया। उनके साथ भोजन किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर द्वारा किए गए प्रयासों से सफाई में नगर निगम ग्रेटर 173 से 16 वें स्थान पर आ गया है। यह उपलब्धि बहुत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2014 को देशभर में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य ही है, भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और खुले में शौच से मुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में हर छोटा प्रयास बड़ा बदलाव ला सकता है। स्वच्छता योद्धाओं ने गलियों, गांवों, और शहरों को स्वच्छ बनाने में दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने सभी की सराहना की। उन्होंने इसी तर्ज पर "हर घर तिरंगा अभियान" चलाने का आह्वान किया।

---




सर्वेक्षण
2025
योद्धा सम्मान
डॉ. सौम्या गुर्जर
महापौर



